तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 15 जून 2024

11 पौधारोपण के लिए दिलीप ने भेंट किए 15000 की...

12 काठमांडू में नृत्यांगना लिली का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज



हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद , Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972-12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

पाठ्यक्रम का नाम

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. डोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेफ्टी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन

Advt.

Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > BCA, B.Sc (C.S.), PGDCA 9294603013
Communication > BA (J&MC), PGDJ 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

रोष : सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण में बरती जा रही है लापरवाही

टायर लेकर युवाओं ने कलेक्टोरेट में की जमकर नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल तथा बरती जा रही लापरवाही व भ्रष्टाचार का विरोध दर्ज कराते हुए युवा कांग्रेसियों ने टायर लेकर कलेक्टोरेट दफ्तर पहुंचे और युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू के नेतृत्व में कलेक्टरोरेट का घेराव करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ▶▶|शेष पेज 11 पर

यह रहे प्रदर्शन में मौजूद

इस अवसर पर शाहबाज राजवानी, शुभम चंद्राकर, कान्हा प्रधान, होरीलाल साहू, हिमांशु, दामु साहू, आर्यन साहू, दीपक साहू, हिमांशु निर्मलकर, आयुष भोसले, तन्मय सोनी, बबलू कन्नौजे, पवन कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

महुआ शराब जब्त

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम कोकोभांठा से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सुरितराम चौहान पिता परसराम चौहान (40 साल) के कब्जे 15000 एमएल महुआ शराब कीमत 3000 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

वृद्ध की संदिग्ध मौत

महासमुंद। भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम भैंसाखुरी के तालाब पाट के पास एक बुजुर्ग बेहोश मिला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार 12 जून की दोपहर भैंसाखुरी निवासी देवेंद्र सोना (65) खेत से आते समय तालाब के पास बेहोश होकर पड़ा था। उसके पास बिजली खंभा का तार टूटा हुआ था। उन्हें शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION | R1
Department of BIOTECHNOLOGY
Under Graduate Programme
• BSc (Biotech with Botany)
• BSc (Biotech with Zoology)
Post Graduate Programme
• MSc (Biotech)
LUPIN Alembic SUN PHARMA
90161 13333

CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
www.cvru.ac.in | E-mail:info@cvru.ac.in
J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
Campus : NEAR GATORA RAILWAY STATION, BILASPUR (C.G.)
City Office : NEAR TORWA CHOWK, DAYALBAND ROAD, BILASPUR (C.G)
CREDAI है तो भरोसा है
Confederation of Real Estate Developers Association of India
BILASPUR
CCN
Reliance Krishna Fuels
हरिभूमि 24 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
SATYA सत्या आटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर
त्रिपुर बजाज
तिफरा रेल्वे ओवर ब्रिज के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
Sudha Bio Power Pvt. Ltd.
Gram- Mohatarai
Ratanpur Road, Bilaspur C.G.
NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1992
We Value Your Career
HEAD OFFICE
150+ Network Partner in Central India
Reg. Office : Bilaspur, Ph. 9300966633
MAHARISHI UNIVERSITY OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY
Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (C.G.) 495001
JD AUTONATION
NH 130, Beside Rama Valley, Parsada, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)
JD TOYOTA
NH 130, Bilaspur-Raipur Main Road, Near Reliance Petrol Pump, Village Parsada, Bilaspur (C.G.)
St. XAVIER'S HIGH SCHOOL
(A Unit of the st. Xavier's Chain of School)
BILASPUR SIRGITTI BHARNI SARKANDA USLAPUR MUNGELI KOTA AKALTARA
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road Bilaspur (C.G.)
TAKSHILA INSTITUTE
Estd. 1998
A Victory Path for IIT-JEE / NEET & AIIMS / FOUNDATION
(Unit of Takshila Academy (P) Ltd.)
CAREER POINT WORLD SCHOOL BILASPUR
HSM GLOBAL PUBLIC SCHOOL
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Brilliant Public School
MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED
An ISO 50001:2018 Certified Company
मार्क हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डायलिसिस/ लेप्रोस्कोपी/ लिथोट्रिप्सी सेंटर
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850
श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ
लाइफ केयर हॉस्पिटल
आपका भरोसा, हमारी जिम्मेदारी
गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-408601/2/3, 8349052250
विनायक नेत्रालय
फेको, एन्जीयोग्राफी एवं लेजर सेंटर
डॉ. ललित माखीजा एम.एस., आई.सी.एस.सी. (हैदराबाद) फेको सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
SIRI श्री शिशु भवन
HOSPITAL FOR CHILDREN & NEW BORN
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
ईदगाह रोड, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
Maosaji वेज रेस्टोरेन्ट
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
SRISHTI INFRABUILD PVT. LTD.
CREATING LIVES FOR FUTURE
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
2ND FLOOR, KRISHNA SANCHAYTRA COMPOUND, SHIV TALKIES SQUARE, BESIDE JALARAM FOOD JUNCTION BILASPUR (C.G.)
BIRLA OPEN MINDS INTERNATIONAL SCHOOL BILASPUR
MOPKA-KONI BYPASS, MOPKA, BILASPUR
25 Years of Glory and Success in Chhattisgarh
ARENA ANIMATION
Shaheed Chowk, Link Road Bilaspur Call 88188 00 890
Anaya Resort
Kargi Road, Kota, (C.G.), India
TANISHQ A TATA PRODUCT
Corporate Office : Opp. Chhattisgarh Bhawan, Tilak Nagar, Bilaspur(CG) 495001
BALAJI ADVERTISER
BALAJI.NEWS
Add : Shop No. F-4, M Galleria, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.), Mo. 98274-66133
E-mail : balajiadvertisersbsp@gmail.com, jeet2bsp@gmail.com
SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LTD.
OLD V.T. CENTRE, P.O. SECL GEVRA PROJECT, DIST.- KORBA (C.G.)
www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

आगजनी की जांच के बाद हो कार्रवाई, समाज से शांति बनाए रखने की अपील

रायपुर। जैतखंब में तोड़फोड के विरोध में धरना-प्रदर्शन के बीच हुई आगजनी की घटना को लेकर वाट्स एप में कई तरह की भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। समाज के लोगों को इससे बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत है। घटना को जिन लोगों ने अंजाम दिया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है। हम इसकी निंदा करते हैं। अभी जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उसकी पुख्ता जांच कराई जाए। शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए। यह अपील गुरुवार की शाम महाराष्ट्र मंडल में पत्रकारवार्ता के दौरान सामाजिक सद्भावना मंच के राजमहंत बंशीलाल कुर्रे, डॉ. एसएल निराला ने की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि समाज के लोगों तक वाट्स एप के जरिए कुछ लोग गलत जानकारी प्रसारित कर रहे हैं। ऐसा करके समाज को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे समाज के लोगों को बचने की जरूरत है। लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आएं। उन्होने शासन-प्रशासन से भी मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने के बाद जो मामले में दोषी पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा किसी निर्दोष व्यक्ति पर जबरिया कार्रवाई न की जाए।

गर्भ के चिकित्सीय समापन के लिए बोर्ड का गठन

रायपुर। राज्य सरकार ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन करने के लिए अधिनियम के तहत राज्य के हर जिले में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट तथा कुछ अन्य सदस्य शामिल होंगे।

रोमांचक मैच में टीम ब्रह्मा बॉयज ने जीता मैच

रायपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्रह्मा बॉयज एवं राजनांदगांव नाइट राइडर के बीच जबरदस्त मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने युवराज के शतक 104 रन के साथ 147 रन बनाए, जिसकी चुनौती स्वीकार करते हुए ब्रह्मा बॉयज की टीम ने विश्वंशु श्रीवास्तव के शतक के साथ विजय का टारगेट पूरा कर तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विश्वंशु श्रीवास्तव रहे। इसका फाइनल मैच 16 जून को सुभाष स्टेडियम में होगा। बहुत ही रोमांचक मैच में दर्शकों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना की। इस प्रतियोगता में पूरे छत्तीसगढ़ के कायस्थ समाज के युवाओं ने भाग लिया।

आखिरकार कब्जा मुक्त कराया सामुदायिक भवन

रायपुर। शहर के सिविल लाइन वार्ड के जोगी नगर स्थित सामुदायिक भवन को गुरुवार को कब्जा मुक्त कराया गया। विधायक निधि के फंड से बने इस सामुदायिक भवन पर कुछ परिवार वाले पिछले सालभर से कब्जा कर यहां रहने लगे थे, जिसके कारण इस भवन में सालभर एक भी कार्यक्रम नहीं हुआ। इस सामुदायिक भवन को इसलिए बनाकर दिया गया था कि गरीब वर्ग के लोग न्यूनतम किराया में यहां शादी, सगाई, जन्मदिन, शोक सहित अन्य कोई भी कार्यक्रम कर सकें, लेकिन भवन पर कब्जा हो जाने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा था। यहां रहने वाले लोगों को कार्यक्रम करने के लिए सड़क पर पंडाल लगाना या फिर किसी दूसरे जगह का भवन लेना पड़ता था। हरिभूमि को इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद सामुदायिक भवन पर कब्जा किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का असर यह हुआ कि सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

तोषगांव में लेफ्टिनेंट निलेश का हुआ सम्मान

थलसेना की ट्रेनिंग लेकर लौटे, सांसद रूपकुमारी चौधरी व विधायक चातुरी नंद दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

समीपस्थ ग्राम तोषगांव में पहले ही प्रयास में नेशनल डिफेंस अकादमी की परीक्षा में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने वाले युवा निलेश प्रधान के गृहग्राम तोषगांव पहुंचने पर जगह-जगह आरती उतारकर स्वागत किया गया। गांव के बीच चौराहे पर फुलझर डिफेंस अकेडमी के संचालक फौजी धर्मेंद्र चौधरी व समाज सेवी विद्याभूषण सतपथी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत व सम्मान सम्मान समारोह में गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंचों, ग्रामवासियों द्वारा शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छों से सम्मान व स्वागत किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र चौधरी, अध्यक्ष, पूर्व सैनिक परिषद फुलझर अंचल के विशेष आग्रह पर पूर्व सैनिक परिषद महासमुंद के सदस्यों ने अपने निःशुल्क प्रशिक्षार्थियों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक पुरूषोत्तम डनसेना का विशेष योगदान रहा। ज्ञात हो कि पूर्व सैनिक पुरूषोत्तम डनसना इसी वीर भूमि के लाल है, जो वर्तमान में महासमुंद में निवासरत है और वहां के बच्चों को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। नवप्रशिक्षु लेफ्टिनेंट निलेश प्रधान को भी इसी संस्था से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी विद्याभूषण सतपथी द्वारा इस ऐतिहासिक दिन को गणित की भाषा के माध्यम से कहा कि 12 और 6 मिलकर 18 होता है, मगर लेफ्टिनेंट निलेश प्रधान ने भारत में सबसे कठिन परीक्षा नेशनल डिफेंस अकेडमी (एनडीए) में सफल होकर 12 और 6 को 24 (12/06/2024) बनाकर दिखाया और इस दिन को ग्राम तोषगांव के लिए गौरवान्वित और ऐतिहासिक बनाया। वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता ने नीलेश व परिजनों के अथक सफलता व सहयोग के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक गांव का इतिहास है कि इस सर्वाधिक शिक्षित ग्राम तोषगांव के प्रत्येक 3-4 घरों के बाद प्रत्येक घर से उनका कोई न कोई सदस्य शासकीय सर्विस के विभिन्न विभागों शिक्षा, चिकित्सा, सेना, पुलिस, राजस्व व अन्य विभागों में सेवारत है। यह गांव के साथ साथ सरायपाली नगर के लिए भी गौरवशाली क्षण है। महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी व सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भी एक संदेश के तहत नीलेश प्रधान को बधाई दी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्या भूषण सतपथी ने महासमुंद एवं फुलझर अंचल के आए हुए पूर्व सैनिकों का सम्मान साल एवं श्रीफल भेंटकर किए तथा अग्निवीर में लिखित परीक्षा पास करने वालों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार देकर सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सैनिक परिषद महासमुंद से पुरूषोत्तम डनसना, प्रदीप चंद्राकर, लक्ष्मीचंद, नंदकिशोर सिन्हा, छग पुलिस बल से जितेंद्र नेताम एवं निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र से आए प्रशिक्षार्थी एवं पूर्व सैनिक परिषद फुलझर अंचल से ओम प्रकाश साहू, मायाराम पटेल, जयप्रकाश नायक, सदाशिव चौहान, महेंद्र केवट, लक्ष्मी नारायण साहू, शौकीलाल पटेल, पुरुषोत्तम डनसना, धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

एमडीएम योजना के तहत स्कूलों में तैनात रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के विद्यालयों को चार जोन सरायपाली, पाटसेंद्री, तोरेसिंहा, सिंघोड़ा बनाकर 257 प्राथमिक शाला एवं 90 उच्च प्राथमिक शाला के मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों को आमंत्रित कर प्रशिक्षित किया गया। बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा प्रशासनिक कसावट लाते हुए बच्चों के सुपोषण के लिए ताजा गरम, पौष्टिक भोजन मुहैया कराने शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही रसोइयों को किचन शेड की साफ सफाई, किचन में सामग्रियों की उचित रखरखाव करने, एहतियातन विगत सत्र के बचे हुए खाद्य सामग्रियों/मसाले, हल्दी आदि सामानों को उपयोग पर न लाने, स्कूल खुलने से पहले ही मध्याह्न भोजन प्रदायगी व्यवस्था को व्यवस्थित दुरुस्त करने एवं शाला स्तर पर पोषण वाटिका/किचन गार्डन बनाने आदि के लिए रसोईयों को कुशल मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जोन स्तर पर प्रशिक्षकों द्वारा रसोइयों को रसोई घर की नियमित साफ-सफाई संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए तीन बिन्दुओं में सारगर्भित जानकारी दिया गया। जिसमें भोजन बनाने से पूर्व, भोजन बनाते समय एवं भोजन परोसते समय आवश्यक सावधानियां बरतने ट्रेनिंग दी गई। साथ ही बर्तनों की साफ सफाई एवं उचित रखरखाव, विभिन्न सामग्रियों का जांच /परीक्षण करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बच्चों को भोजन परोसने के पूर्व अनिवार्य रूप से चखने, बच्चों को बैठाकर व्यवस्थित भोजन कराने, भोजन निर्माण की सतत निगरानी रखने, भोजन को खुले में न रखने, किसी भी परिस्थिति में दूषित/जहरीला/विषाक्त भोजन बच्चों को न परोसने, दाल, सब्जी, भोजन आदि की गुणवत्ता अच्छा रखने, स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने, किचन शेड में पर्याप्त रोशनी एवं हवा निकासी के लिए रोशनदान की व्यवस्था रखने, चावल की समुचित साफ सफाई के साथ भंडारण रखने, भोजन उपरांत थाली गिलास बर्तनों की सफाई एवं उचित रखरखाव करने प्रशिक्षण दिया गया।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत नियमानुसार प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाता है, जो विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, प्रतिधारण और उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। मध्याह्न भोजन स्किम विद्यार्थियों के ज्ञानात्मक, भावात्मक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में सहायता करता हैं। रसोइयों को प्रशिक्षण देने प्रशिक्षक मंडल में सर्व सीएसी- कैलाशचंद्र पटेल, प्रभात मांझी, सुशील चौधरी, कामता पटेल, कृष्णचंद्र पटेल, लालभूषण पाढ़ी, हारून गार्डिया, नेहरूलाल चौधरी शामिल रहे।

मोदी ने पहली कैबिनेट में आवास निर्माण व सम्मान निधि पर किए हस्ताक्षरः देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपनी तीसरी पारी के पहले केबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास के तहत तीन करोड़ आवास बनाने पर एवं किसानों के हित में सम्मान निधि के 17वी किश्त के लिए 20 हजार करोड़ राशि की फाइल पर हस्ताक्षर किया गया, जो कि भारत देश की गरीब जनता के पक्ष में स्वागतगेय है।

पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने प्रधानमंत्री मोदी सहित पूरे मंत्रिमंडल को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कड़े एवं तुरंत फैसले लेने के लिए जाने जाते है। पूरा विपक्ष चुनाव के दौरान एक होकर नरेंद्र मोदी पर हमला किया तो भी परास्त नहीं कर पाए। चाणक्य की उक्ति चरितार्थ होती है कि जब राजा को पूरा विपक्ष एक होकर घेरे तथा हराने का काम करे तो समझ जाना चाहिए कि राजा ईमानदार है। 10 वर्ष के कार्य काल में बिना आराम किए तथा बिना छुट्टी लिए निरंतर देश को आगे बढ़ाने का काम किया। आज पूरा देश भारत देश के लिए नतमस्तक है जो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार की देन है। राठी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भी कहा कि अब शहर में आवास के काम को द्रुत गति से आगे बढ़ाए, विधानसभा चुनाव के बाद अब तक सैकड़ों आवेदन आवास निर्माण के लिए जमा हो गया है, जिसकी तत्काल जांच कराकर छग शासन को भेजे। अब कोताही न बरते, जिनका आवास बन रहा है ऐसे गरीब परिवार को तत्काल आवास की किश्त उनके खाते में भुगतान किया जाए। मोदी ने गांव के लिए 2 करोड़ एवं शहर के लिए 1 करोड़ आवास निर्माण की स्वीकृति दी है, जिससे आने वाले पांच साल में हर गरीब का आवास पूरे छत्तीसगढ़ में बन जाएगा। अब कोई गरीब आवासहीन नहीं रहेगा। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने गरीबों के आवास निर्माण को रोक दिया था, लेकिन छत्तीसगढ़ भाजपा की विष्णूदेव सरकार ने पहले ही केबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ के 17 लाख आवास की स्वीकृति दी है।

पटवारियों पर एफआईआर हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत दिनों सराईपाली के बलौदा थाने में दर्ज राजस्व अभिलेखों में कूटरचना के आरोप में तत्कालीन पटवारियों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को समाप्त करने की मांग को लेकर राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के सदस्य जिला अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में कलेक्टर और एसपी महासमुंद से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और विस्तृत चर्चा की। ज्ञापन में संघ ने बताया कि जिस रिकार्ड में कूटरचना का आरोप लगाया गया है, फॉरेन्सिक एक्सपर्ट ने उसकी हस्तलिखित को पटवारियों के हस्तलेखन से भिन्न पाया। ज्ञापन में बताया गया कि हाईकोर्ट ने भी तत्कालीन पटवारियों के विरुद्ध दस्तावेजी सबूतों के अभाव में उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। संघ ने बेकसूर पटवारियों के विरुद्ध एफआईआर को हटाने की मांग की है। कलेक्टर ने एफआईआर समाप्त करवाने का आश्वासन दिया और एसपी महासमुंद ने भी पूरा सहयोग का आश्वासन दिया। संघ ने उच्चाधिकारियों से मांग की पुलिस महानिर्देशक छत्तीसगढ़ द्वारा अपने मातहत सभी एसपी को दिए निर्देश का पालन किया जाए, जिसमें लोकसेवक के विरुद्ध एफआईआर के मामले में प्रारंभिक जांच के पश्चात ही एफआईआर दर्ज किया जाए। इस संबंध में आयुक्त भू अभिलेख द्वारा भी सभी कलेक्टर को पत्र लिखा जा चुका है। परंतु इसका पालन नहीं हो रहा है । इस मौके पर राजस्व पटवारी संघ जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, तहसील महासमुंद, बागबाहरा अध्यक्ष द्वय क्रमशः चंद्रभान साहू, नीरज वर्मा, नितेश श्रीवास्तव, अविनाश दीक्षित सहित काफी संख्या में पटवारी उपस्थित थे

ट्रेनों की पार्सल बोगी को अब लीज पर देगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी, एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल प्रबंधन पार्सल परिवहन की क्षमता में वृद्धि करने एवं व्यापारियों को अधिकाधिक माल ढुलाई की सुविधा उपलब्ध कराने पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देगा। इसमें कोरबा-विशाखापत्तनम, कोरबा-त्रिवेन्द्रम व कोरबा-यशवंतपुर अन्य ट्रेन शामिल है। एसईसीआर द्वारा पार्सल बुकिंग के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में पार्सल कार्यालय की सुविधा प्रदान की गई है, यहां यात्रियों द्वारा अपने सामान को किसी भी पार्सल आधारित स्टेशनों के लिए बुक कर पार्सल बोगी में भेजा जाता है। रेलवे की पार्सल सेवाएं छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है।

वेबसाइट पर जारी की जाएगी ई-निविदा

मंडल से चलने वाली ट्रेनों की पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 17481 बिलासपुर-तिरुपति, 20845 बिलासपुर-बीकानेर, 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम, 22647 कोरबा-त्रिवेन्द्रम, 12252 कोरबा-यशवंतपुर, 22407 अंबिकापुर-निजामुद्दीन, 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन, 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को लीज पर दिया जाएगा। चूंकि लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन के साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा प्राप्त होती है, इसलिए यह लीज होल्डरों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

हाईवे पर टर्न के पास टैंकर देख नहीं पाया, बाइक चालक ने सामने से मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक बाइक की टैंकर के सामने से भिड़ंत होने की वजह से मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। मृतक आरंग से महासमुंद जाने के लिए निकला था।

इसी दौरान टर्निंग के पास बाइक चालक टैंकर को आता नहीं देख पाया और टैंकर के सामने भिड़ गया। टैंकर की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टैंकर के चक्के में फंसकर मृतक करीब सौ मीटर तक घिसटता रहै। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे टैंकर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक टैंकर की चपेट में आने से महासमुंद, बरबसपुर निवासी परस निषाद की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार परस पारागांव के पास एक शौचालय से निकलने के बाद हाईवे में बने टर्निंग से अपनी बाइक को मोड़ रहा था।

आलू-प्याज-टमाटर फिर खाने लगे भाव

बरबट्टी, धनिया, करेला, मुनगा समेत कई सब्जियों की कीमत 80 से 100 रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी में सब्जियों का उत्पादन कम होने का असर लगातार उनकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले लगभग माहभर से सब्जियों की आवक थोक मंडी में कम हो गई है। इसके कारण इनकी कीमत में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

गुरुवार को सब्जियों के भाव में और बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण टमाटर, प्याज के साथ बरबट्टी, करेला, हरी धनिया सहित अन्य कई सब्जियों के भाव में 5 रुपये से लेकर 10 रुपये तक इजाफा हुआ है। थोक में भाव बढ़ते ही चिल्हर में भी सब्जियां और महंगी हो गई हैं। हालांकि चिल्हर में थोक की तुलना में डेढ़ से दोगुना भाव में बिक रही हैं। चिल्हर में टमाटर 40 से 50 रुपये, प्याज 40, हरी धनिया 160, बरबट्टी, करेला, मुनगा 80 से 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। अन्य सब्जियां भी 40 से 60 रुपये किलो है।

सब्जियों के भाव प्रति किलो

	थोक	चिल्हर
टमाटर	25-30	40-50
बरबट्टी	55-60	80-100
मुनगा	45-50	60-80
करेला	45-50	70-80
शिमला मिर्च	35-40	55-60
हरी धनिया	100-110	140-160
लौकी	20-25	40
पत्तागोभी	20-25	40
कल्याणीभाटा	20-25	40
कोचई	30-35	50-60
तोरई	30-35	50-60
प्याज	22-25	40
कुंदरू	35-40	50-60
गाजर	22-25	35-40
मूली	20-25	35-40
खीरा	15-20	30

सागभाजी भी 80 रुपए किलो तक पहुंची

सागभाजी में पालक, लालभाजी, चौलाई आदि भी अब चिल्हर में 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है, जबकि दो सप्ताह पहले तक ये सभी भाजी 40 से 50 रुपये किलो थी।

बारिश सीजन में भाव गिरने की संभावना कम

श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सब्जी उत्पादक राज्यों में इस साल जमकर गर्मी पड़ी है। इसके कारण सब्जियों के उत्पादन में भारी कमी आई है। सब्जियों का उत्पादन घटने के कारण दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ की थोक मंडी में आने वाली सब्जियों की आवक भी घटकर 25 से 30 प्रतिशत हो गई है। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। इस सीजन में भी सब्जियों का उत्पादन कम होता है, जिससे आवक भी कम रहेगी। इसके कारण आगामी दिनों में सब्जियों के भाव गिरने की संभावना बहुत कम है। लौकी-पत्तागोभी भी 40 रुपये किलो बिकने लगी है। एक सप्ताह पहले तक लौकी और पत्तागोभी के भाव गिरे हुए थे। थोक में 8 से 12 रुपये एवं चिल्हर में 20 रुपये चल रही दोनों सब्जी किलो में अब 40 रुपये तक पहुंच गई है।

रमन ने साय सरकार के 6 माह के कार्यकाल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सीएम साय ने जताया आभार

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की है। इस पर सीएम साय ने रमन सिंह का आभार जताते हुए कहा, आभारी हूं आपका। आपके इन शब्दों से न केवल उत्साह बढ़ा है, बल्कि और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है।

डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 6 माह का कार्यकाल निश्चित रूप से पिछली कई सरकार से और देश में भी कई सरकारों से अभूतपूर्व रहा है। इन छह महीनों में सरकार द्वारा बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ है। शुरुआत के छह महीनों में विष्णु सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

संवर रहा छत्तीसगढ़

इधर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के आज 6 महीने पूरे हुए। इस पर भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ का सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान संवर रहा छत्तीसगढ़ टॉप ट्रेंडिंग कर रहा है। समूचे छत्तीसगढ़ से आम लोगों का इसे भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग उत्सुकतापूर्वक विष्णु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की फोटो, वीडियो, ग्राफिक्स को सोशल मीडिया के सारे प्लेटफॉर्म में पोस्ट और शेयर कर रहे हैं।

अमित बोले- बलौदाबाजार घटना की हाईकोर्ट के जज से कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पुलिस कर रही निर्दोष लोगों पर कार्रवाई

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बलौदाबाजार की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, घटना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को बदनाम करने की साजिश की गई है। पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दायर किया जा रहा है, जिसे तत्काल वापस लिए जाने की आवश्यकता है। इस घटना की जांच उच्च न्यायालय के पदेन न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उन्होंने बलौदा बाजार जिले का नाम बाबा गुरु घासीदास के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने भी सतनामी समाज के धर्म स्थलों और लोगों को विशेष रूप से टारगेट किया। कांग्रेस और भाजपा ओछी और छुआछूत प्रवृत्ति का परिचय दे रही हैं। दोनों पार्टियों ने सतनामी समाज को सिर्फ वोट बैंक की नजर से देखा है। सरकार अपनी प्रशासनिक गलती को छिपाने बर्बरतापूर्वक एक समाज विशेष के लोगों पर कार्रवाई कर रही है, इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

बलौदाबाजार घटना की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराएं

रायपुर। पूर्व मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा, गिरौदपुरी में जैतखंब को तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये सतनामी समाज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने इक्कठे हुये थे। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। पुलिस पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच की मांग की है। श्री शर्मा ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुये कहा, अराजक लोगों द्वारा किये गये कार्यों के कारण पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से अत्याचार कर रही है, जो अमानवीय एवं मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने इस मामले में निर्दोष लोगों को फंसाने, अमानवीय कार्यवाही पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

पैंकरा कंवर समाज नर्रा सर्कल की बैठक कल

नर्रा। पैंकरा कंवर समाज नर्रा सर्कल की बैठक ग्राम नर्रा में 16 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से आहूत की गई है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी देते हुए नर्रा सर्कल अध्यक्ष घनश्याम दीवान ने बताया कि उक्त बैठक में ग्राम रीको कला, जोबा कला, एवं नर्रा सर्किल आदि के समाज पदाधिकारी एवं स्वाजाति बंधुओं को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

पुल के पास खड़ी बाइक चोरी

महासमुंद। तुमगांव रोड में ग्राम कौंदकेरा के पहले पुल के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। 25 मई को हुई घटना में प्रार्थी अशोक भोई पिता भोजराम भोई ने बाइक क्र सीजी 06 जीवाय 5365 के चोरी होने की रिपोर्ट 13 जून को महासमुंद थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को जांच विवेचना में लिया है।

युवती ने फांसी लगाई

महासमुंद। ग्राम धनसुली की एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि नीलम जगत पिता भागीरथी जगत (17 साल) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

महासमुंद। छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को राजू ध्रुव पिता सेवकराम ध्रुव निवासी वार्ड नं 15 पुराना रावणभाठा शीतला मंदिर के पीछे महासमुंद ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करता हूं। 13 जून की शाम करीब 4 बजे मैं अपने घर में था, उसी समय आरोपी गोविंद ध्रुव, रवि बुंदेला एवं हरि महाराज मेरे घर के पास आए और करीब छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर वाद विवाद के बाद रंजिश रखते हुए मेरे साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ एवं मुक्का से मारपीट किए एवं गोविंद ध्रुव ने लोहे का चाकूनुमा औजार से मुझे मारा, जिससे मेरे बाएं हाथ की कलाई से खून निकला है एवं बाएं गाल में चोट लगी है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

रायपुर में मानसून की दस्तक 16 के बाद

रायपुर। कई दिनों से अटके मानसून के आगे बढ़ने के लिए अच्छी स्थितियां निर्मित हो गई हैं। इसके आधार पर मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून 16 जून के बाद कभी भी रायपुर में दस्तक दे सकता है। इसके पहले गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। 24 घंटे पश्चात प्री मानसूनी गतिविधि में वृद्धि होने के बाद गर्मी से थोड़ी राहत की संभावना है। मानसून के दस्तक के बाद ही लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सकेगी। इसके पूर्व गुरुवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन बूंदें नहीं बरसी। मौसम विभाग के अनुसार, 14 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों में अंधड़ चलने के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।

खेत जुताई की बात पर बड़े भाई पर वार

अरेकेल की घटना, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज, जिले में अनेक आपराधिक घटनाओं पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना थाना अंतर्गत ग्राम अरेकेल में पुत्र ने अपने पिता को जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार अंकोरी में खेत जुताई की बात पर छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर डंडे से वार कर उसे घायल कर दिया और ग्राम बेलटिकरी में भतीजे ने अपनी चाची पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। तीनों ही मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम अंकोरी में खेत जुताई की बात को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर डंडे से वार कर दिया। डंडे के वार से सिर में चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। ग्राम अंकोरी निवासी हेमंत डड़सेना ने पुलिस को बताया 12 जून 2024 की शाम करीब 4:30 बजे वह अपने कमरे से सो कर उठा। उसी समय उसका छोटे भाई अक्षय डड़सेना और पिताजी नीलमणि डड़सेना, डोंगरीखार के खेत को ट्रेक्टर से जुतवाने की बात कर रहे थे, जिसे सुनकर हेमंत बोला कि इस साल डोंगरीखार के खेत को मैं जुताई करवाऊंगा। आप लोग बोर तरफ के खेत को जुताई कराना। जिस पर हेमंत के छोटे भाई और पिता अचानक आवेश में आ गए और हेमंत को अश्लील गाली-गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट कर छोटे भाई अक्षय डड़सेना ने जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से हेमंत के सिर पर वार कर दिया। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा, चिल्लाते हुए घर से बाहर निकलकर उसने जान बचाई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भादवि धारा 294, 323, 34, 506 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

पिता से मारपीट, जान की धमकी

दूसरी घटना बसना थानांतर्गत ग्राम अरेकेल की है, जहां एक पिता ने पुत्र को कहीं काम करने जाया करो, फालतू घूमते रहते हो कहा तो पुत्र ने गाली-गलौज कर पिता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार अरेकेल निवासी सिरधर यादव 11 जून की रात 8.30 बजे अपने पुत्र बंटी यादव से कहा कि कहीं काम करने जाया करो फालतू घूमते रहते हो बाइक की किश्त मुझे ही जमा करनी पड़ रही है। जिस पर उसका पुत्र बंटी यादव ने गाली-गलौज कर मारपीट की, पश्चात बेटे ने अपने पिता को जान से मारने की धमकी देकर चुड़े से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

चाची पर टंगिया से जानलेवा हमला

तीसरी घटना भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम बेलटिकरी की है यहाँ भतीजे ने अपनी चाची पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। चौकी प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि ग्राम बेलटिकरी निवासी कपूरचंद बरिहा 10 जून की रात अपने घर के बाहर बैठा था। तब उसका भाई का बेटा रवि बरिहा अपने घर से निकला और उसके परिवार वालों को बोलने लगा कि तुम लोगों को मैं तुम्हें यहां नहीं रहने दूंगा कहकर झगड़ा करने लगा व गाली गलौज कर सबको जान से मार दूंगा कहकर घर अंदर गया। बाद कपूरचंद पत्नी अमृत कुंवर व बेटी मीना बरिहा व बेटा विकास बरिहा जलसिंग बरिहा के घर चले गये। करीब 10:30 बजे टंगिया रखकर जलसिंग के घर आया, तब कपूरचंद उसकी पत्नी व बेटी तीनों एक खाट में बैठे थे, तब रवि ने टंगिया से अमृत कुंवर बरिहा पर जानलेवा हमला कर दिया। चोट आने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पौधारोपण के लिए दिलीप ने भेंट किए 15000 की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते दिनों ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने लोगों से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए विवेकानंद सेवा संस्थान को अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की थी। इसी तारतम्य रजनी स्टोन और पीहू स्टोन इंडस्ट्रीज के संचालक दिलीप तलरेजा ने सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कार्यों तथा पर्यावरण के प्रति निष्ठा तथा लगन को देखते हुए उनके निवास पहुँचकर 15000 रुपए की राशि भेंट की। सरपंच चंद्राकर ने पूर्व की भांति यह सारा श्रेय विवेकानंद सेवा संस्थान के सदस्यों को देते हुए उक्त राशि अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू तथा कोषाध्यक्ष/सचिव उदेराम साहू को सौंपते हुए पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने का निर्देश दिया।

टैंकर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

महासमुंद। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर गुरूवार सुबह पारागांव के पास एक पेट्रोलियम टैंकर ने एक किसान को अपनी चपेट में लिया जिससे उनकी मौत हो गई। टैंकर का टायर उनके कंधे से गुजरा जिससे किसान का शरीर टैंकर के निचले हिस्से में फंस गया मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर निवासी परस निषाद (50) गुरुवार सुबह बाइक से आरंग से वापस महासमुंद की ओर जा रहा था। इस दौरान करीब 9 बजे आरंग के पारागांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पेट्रोलियम टैंकर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टैंकर का अगला टायर परस के कंधे को कुचलते हुए आगे निकल गया। इससे किसान टैंकर के निचले हिस्से में फंस गया ब्रेक लगाने के बावजूद टैंकर ने 100 मीटर तक किसान को घसीट दिया। इस दौरान किसान की बाइक भी चकनाचूर होकर टैंकर के सामने हिस्से में फंसी रही। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आरंग पुलिस ने मृतक की लाश को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला फिर सीएचसी आरंग भेजा।

तुमगांव में 4 किलो गांजा जब्त, नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

महासमुंद। स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को तुमगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है, इसमें एक नाबालिग है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तुमगांव पुलिस को 13 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक मेस्ट्रो स्कूटी क्र सीजी08एएफ1030 के माध्यम से दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पटेवा की ओर से परिवहन करते हुए रायपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अमावस मोड़ के पास स्कूटी सवारों को रोका और उनसे पूछताछ की। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम ईश्वर बारके पिता भगवान दास बारके (21 साल) निवासी वार्ड नं 43 लाखोली नाका चौक राजनांदगांव और दूसरा एक नाबालिग लड़का था। इन आरोपियों के कब्जे से से कुल 4.132 किलो गांजा कीमत 82640 रुपए, एक स्कूटी कीमत करीब 30,000 रुपए, दो मोबाइल जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बागबाहरा में जनसंपर्क कार्यालय की शुरुआत

बागबाहरा। खल्लारी विधानसभा के विकासखंड मुख्यालय बागबाहरा में अलका चंद्राकर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया। सांसद चौधरी के कार्यालय पहुंचने पर आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। फीता काटकर भारत माता की विधिवत पूजा अर्चना उपरांत कार्यालय की शुरुआत की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा समस्याओं के निराकरण के लिए यह जनसंपर्क कार्यालय काम करेगा। छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यकर्ताओं, आमजनों को भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, उषा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, थान सिंह दीवान, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, प्रीतम साहू, शंकर तांडी, जसराज चंद्राकर, संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, नंदू सोनी, भोजनाथ देवांगन, रूपेश साहू, जान्हवी साहू, ममता साहू, मनिंदर सिंह, अशोक ध्रुव, दुर्गा वस्त्रकार, लोकेश साहू आदि उपस्थित रहे।

तेंदूकोना में सांसद का किया स्वागत

तेंदूकोना। भाजपा मंडल बागबाहरा ग्रामीण में नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का स्वागत किया गया। साथ ही रूपकुमारी चौधरी ने समस्त कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा मंडल पिलेश्वर पटेल द्वारा समस्त मंडल की अर्से केले से तौल कर रूपकुमारी चौधरी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अलका चंद्राकर, मोनिका साहू, थानसिंह दीवान, दुबे लाल साहू, ऐसे सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल के कार्यकर्ता की उपस्थिति सुरेश अग्रवाल, दिनेश चंद्राकर, कमलेश टांडे, जीवनी साहू, जानवी साहू, हरीश दीवान, लाल सिंह नायक, कोमल साहू, विनोद दीवान, कन्हैया नायक, रवि फरोदिया, कौशल साहू, जनक साहू, लाल साहू, गुलशन बघेल , दीपक साहू आदि मौजूद रहे।

विधायक जनदर्शन में मांगों का अंबार, अब रोज दो घंटे कार्यालय में मिलेंगे एमएलए योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार के 6 महीने के कार्यकाल में आधा समय लोकसभा चुनाव में बीत गया। आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से जनसमुदाय की मांगों और समस्याओं का निवारण कुछ महीनों से लंबित है। इसके त्वरित निवारण की दिशा में महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सचेत हैं। बीते तीन दिनों से लगातार विधायक कार्यालय में वे रोज 2-3 घंटे जनदर्शन में जन समस्याएं सुन रहे हैं और त्वरित निवारण के लिए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। शासन-प्रशासन में पारदर्शिता के साथ सुचिता के लिए विधायक की पहल की जनसामान्य में सराहना हो रही है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया है कि आवश्यक बैठक और विषम परिस्थितियों को छोड़कर वे रोज पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक विधायक कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस बीच विधानसभा क्षेत्र का निवासी कोई भी आम नागरिक उनसे मिलकर अपनी बात कह सकते हैं। जनदर्शन का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाना है। आम

11 से 01 बजे तक रोज लगेगा जनता दरबार, जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास

आदमी को छोटे-छोटे काम के लिए भटकना न पड़े, कर्मचारी-अधिकारी नियम-कानून का अड़ंगा लगाकर जनसामान्य को परेशान न करें। इसकी अब सतत निगरानी की जाएगी। आम आदमी को परेशान कर शासन की छवि धूमिल करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि क्षेत्र के किसान, गरीब, मजदूर और अंतिम छोर के व्यक्ति को कोई परेशानी न हो, यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर हितग्राहियों को लाभान्वित करने संबंधित अधिकारी कमर कस लें। इसमें लापरवाही नहीं चलेगी।

किसानों की समस्याओं पर संवेदनशील पहलः आज जनदर्शन में पहुंचे ग्राम कनेकेरा के किसानों ने खाद भंडारण केंद्र में खाद वितरण नहीं किए जाने की समस्या बताई। इससे किसानों को परेशान हो रही है। ग्राम पचरी में लो वोल्टेज की समस्या है, इसके निवारण के लिए विद्युत वितरण कम्पनी के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्राम अछोला में टिन शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, नवीन धान खरीदी केंद्र आदि की मांग आई है। ग्राम बोरियाझर में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, ग्राम चुहरी में स्कूल भवन निर्माण, बोरिद से चुहरी सड़क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता में कमी होने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य का खुद भी अवलोकन करने की बात कही। ग्राम सोरिद में सीसी रोड निर्माण, ग्राम चोरभट्टी में स्कूल में अहाता निर्माण, नहर नाली निर्माण, ग्राम मोंगरा में बोर खनन के लिए मांग पत्र ग्रामीणों और पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों ने सौंपा है। ग्राम बोरिद में हाथी विचरण से किसानों को हुए नुकसान के मुआवजा वितरण में हीलाहवाला करने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। उन्होंने किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का त्वरित भुगतान करने निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम कोसरंगी में सामुदायिक भवन निर्माण, नया बोर खनन, पंचायत सचिव का स्थानांतरण करने, ग्राम चुहरी में शाला भवन निर्माण, ग्राम अछोली में भवन निर्माण की मांगें की गई। मुड़यिाडीह में अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर किया है।

जांच के बाद उमेश व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद। जिले के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम ग्राम हरनादार में सूदखोरों से तंग आकर एक 60 वर्षीय आदिवासी किसान की आत्महत्या मामले में जांच पश्चात पुलिस उमेश साहू व अन्य के खिलाफ भादवि की धारा 306 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

बता दें कि पिछले रविवार को किसान बलीराम खड़िया ने कीटनाशक का सेवन कर लिया, बाद परिजनों ने उन्हें शासकीय अस्पताल बागबाहरा में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों उन्हें महासमुंद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को मृतक की पत्नी जानकी बाई से जानकारी मिली कि उसके पति ने गांव के ही उमेश साहू नामक व्यक्ति से कर्ज लिया था। वह कुछ समय से रकम लौटाने के लिए दबाव डालने रोज सुबह-शाम तकाजा करने घर आता था। 30 हजार की रकम के लिए ब्याज समेत 55 हजार रुपए के लिए आदिवासी किसान को अपना घर सूदखोर के नाम पर नोटरी करना पड़ा। जिसके बाद उसने घर से कब्जा छोड़ते हुए 5 जून को पति-पत्नी दोनों दूर सड़क पारा के एक मकान को किराए के मकान में रहने लगे। लेकिन, अपना मकान चले जाने की आशंका से हताश होकर व सूदखोर से परेशान होकर 10 जून की सुबह आदिवासी किसान ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

जांच में सही पाया गया मामला

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले कि जांच शुरू की । पुलिस ने जांच में पाया कि बलिराम ने कुछ लोगों से घरेलू उपयोग के लिए उधार लिया था। कर्जदार द्वारा वसूली के दबाव में आत्महत्या किया जाना पाया गया। प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना पाए जाने पर उमेश व अन्य के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर पुलिस विभिन्न कोणों से विवेचना कर रही है।

60 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, लोगों को भी रक्तदान करने किया प्ररित

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के निर्देशन में शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने रक्तदान किया। साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल से ब्लड बैंक प्रभारी डॉ यशोदा मिर्धा एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने रक्तदान शिविर का आयोजन कराया। और सक्रिय रूप से भागीदारी दिए। इस अवसर पर जिले में रक्तदान करने वाली संस्था को इस बेहतर और निःस्वार्थ कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने रक्तदान करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल को डॉ संतोष माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक द्वारा रक्तदान शिविर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग 60 रक्तवीरों ने निःस्वार्थ भाव के साथ रक्तदान किया।

नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम आगमन पर कोमाखान में हुआ स्वागत एवं अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोमाखान में महासमुंद की प्रथम महिला सांसद रूपकुमारी चौधरी के आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सदस्यों को लोकसभा में प्राप्त हुए भारी बहुमत से विजय के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करना था। कार्यक्रम में भाजपा मंडल कोमाखान के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सदस्य एवं समर्थक भारी संख्या में उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित सांसद के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े एवं ढोल नगाड़ों की थाप के साथ थिरकते रहे, श्रीफल के माध्यम से मंत्रोच्चार के साथ वैदिक परंपरानुसार सांसद का तुलादान किया गया। स्वागत अभिनंदन समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने क्रम से पुष्पगुच्छ भेंट कर नवनिर्वाचित सांसद का अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष भेखलाल (सागर) चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का इस शानदार जीत के लिए आभार जताया। नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कोमाखान मंडल की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्साह बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया। सांसद चौधरी ने अपने जीत का श्रेय कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दिया और आने वाले समय में कोमाखान क्षेत्र के विकास कार्य के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

डल महामंत्री कलाराम नायक ने समारोह में धन्यवाद एवं आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल जिला संयोजक नितिन जैन ने किया। इस अभिनंदन समारोह में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जिला पंचायत सदस्य एवं छाया विधायक अलका चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद साहू, गोरख यादव, मंडल महामंत्रीद्वय भुनेश्वर साहू, कलाराम नायक, मंडल उपाध्यक्ष देवनारायण साहू, नारायण यादव, लक्ष्मी साहू, पुरुषोत्तम पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद ठाकुर, जनपद सदस्य माधो मांझी, सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा, भूखन सिन्हा, लुभेश्वर पांडे, बलराम सिन्हा, गोपाल किशन पटेल, मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, उमा सोनी, डी कुमार चौरे, पूनऊराम पटेल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लेखमणि पटेल, महिला नेत्री संगीता (पिंकी) चंद्राकर, किरण यदु, वंदना ठाकुर आदि पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पेज 9 का शेष

टायर लेकर युवाओं ने ...

जिस पर डिप्टी कलेक्टर ने जांच कमेटी बना कर जांच करने की बात कही।

बता दें कि शहर के वन विभाग परिसर स्थित खेल मैदान में गृह निर्माण मंडल के तहत बनाए जा रहे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक में ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी का रबर (पुराने टायर के बारिक टुकड़े जैसा प्रदार्थ) का उपयोग करने तथा ट्रैक निर्माण में बरती जा रही लापरवाही व भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को शहर के दर्जनों युवाओं ने निखिलकांत ने कहा जिले सहित प्रदेश धावकों, खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में महासमुंद वन विभाग के खेल मैदान में सिंथेटिक एथलेट्रिक टैक बनाने के लिए लगभग 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई थी। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है तथा उक्त ट्रैक में घटिया क्वालिटी के टायर के बारिक टुकड़ों का उपयोग किया जा रहा है। जिसे ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा यूरोप से लाया गया बेहतर गुणवत्ता का रबर बताया जा रहा है। निर्माण कार्य स्थल पर ट्रैक में चढ़ाए जा रहे रबर को देखने से प्रतीत हो रहा है कि इसमें घटिया से घटिया स्तर का रबर इस्तेमाल किया जा रहा है। व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए युवाओं ने मांग की कि निर्माण की गुणवत्ता की जांच कमेटी बनाकर की जाए एवं दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। इन मांगों को लेकर अपर कलेक्टर कर्मा को कलेक्टर महासमुंद के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

खबर संक्षेप

वाराणसी एवं अयोध्या धाम से सकुशल लौटे जिले व राज्य के स्काउट-गाइड

महासमंद। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा 08 से 12 जून तक ट्रेनर मीट का आयोजन वाराणसी (बनारस) एवं अयोध्याधाम के लिए किया गया। जिसमें राज्य भर 40 प्रतिभागी एवं महासमुंद जिले के पांच प्रतिभागी सम्मिलित हुए। महासमुंद के प्रतिभागियों में रामकुमार साहू जिला सचिव, संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, राजीव कुमार तिवारी, झनेश कुमार साहू स्काउटर द्वय एवं लीलिमा साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सम्मिलित हुए।

अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को सौंपा गया नवीन प्रभार

महासमुंद। प्रशासकीय दृष्टिकोण से शासकीय कार्यों के सुचारू संपादन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को आगामी आदेशपर्यंत तक प्रभार व दायित्व सौंपा गया है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले को अतिरिक्त तहसीलदार महासमुंद एवं नायब तहसीलदार नंदिनी देवी वर्मा को नायब तहसीलदार बागबाहरा का नवीन प्रभार सौंपा गया है।

युवक से तीन लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को वार्ड 15 पुराना रावणभाठा शीतला मंदिर के पीछे महासमुंद निवासी राजू ध्रुव ने बताया कि व राजमिस्त्री का काम करता है। 13 जून की शाम करीब 4 बजे गोविंद ध्रुव, रवि बुंदेला और हरि महाराज घर के पास आए और करीब छह-सात माह पूर्व जुआ खेलने की बात को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गोविंद ध्रुव ने चाकूनुमा औजार से मारा, जिससे गाल में चोट आई है। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

निधन

मन्नूलाल यादव

महासमुंद। वार्ड 18 कुर्मी पारा निवासी मन्नूलाल यादव (62) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे दौलत यादव के पिता एवं उत्तम यादव के बड़े पापा थे। उनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड मुक्तिधाम मे किया गया।

कथा के छठवें दिन रासलीला, कंस वध के साथ कृष्ण भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम परकोम में स्व. देवी प्रसाद चतुर्वेदी, स्व. नर्मदा, स्व. दुखवा प्रसाद, स्व.रामनारायण चतुर्वेदी एवं स्व. बलदाऊ पांडे की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा के छठवे दिन भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र तिवारी ने रासलीला कंस वध एवं कृष्ण रूखमणी विवाह की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मुख्य यजमान किशोर जानकी चतुर्वेदी, कृपाशंकर दीपमाला चतुर्वेदी एवं बिमला पांडे ने कथा पुराण और व्यास गद्दी की पूजा अर्चना की।

कथा वाचक तिवारी ने रासलीला, कंस वध एवं कृष्ण रुखमणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कथा और झांकी की माध्यम से बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे। जिसमें एक कारण कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राहि-त्राहि जब करने लगी, तब लोग भगवान से गुहार लगाने पर कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध कृष्ण के हाथो में होना निश्चित है इसलिए उसने बाल्य वस्था में ही भगवान कृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया। लेकिन, हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प वायु में कंस ने अपने प्रमुख अकरूर द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण और बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने के प्रयास भी किया, लेकिन वह सभी लोगों भगवान कृष्ण, बलराम के हाथों में मारे गए। अंत में कृष्ण ने अपने मामा कंस का वंध कर मथुरा नगरी को कंस अत्याचारों से मुक्ति दिला दी।

कंस वध के पश्चात कृष्ण ने अपने माता पिता वासुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया। वहीं कंस द्वारा अपने पिता राजा उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी भगवान कृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। कृष्ण और रूखमणी विवाह प्रसंग में उन्होंने बताया कि रुखमणी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना गया है। वह विदर्भ सम्राज्य राजा भीष्मक के पुत्री थी, जो विष्णु रूपी भगवान कृष्ण से विवाह करने इच्छुक थी।

लेकिन, रूखमणी के पिता और भाई इससे सहमत नही थे। जिसके चलते उन्होंने रुखमणी के विवाह जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह में आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रूखमणी को पता चला तो उन्होंने दूत के माध्यम से प्रेम पत्र में अपने दिल की बात कृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ। युद्ध के बाद अंततः कृष्ण रुखमणी से विवाह हुआ। इस दौरान झांकी के माध्यम से कृष्ण रुखमणी विवाह पर श्रोताओं ने टिकावन में बर्तन रुपए भी भेंट किए।

सुविधा: गैस में खाना बनाने से स्वच्छ और धुंआ रहित वातावरण में पढ़ रहे हैं बच्चे

कूलर-पंखे की व्यवस्था से भीषण गर्मी में भी सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में भीषण गर्मी में भी बच्चे आनंद और सुकून के साथ पढ़ रहे है। एक ओर सुखद वातावरण मिलने से जहां बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। वहीं कूलर और पंखे की व्यवस्था से आंगनबाड़ी केंद्रों में भीषण गर्मी से निजात मिली है।

कलेक्टर प्रभात मलिक की पहल से जिले के सभी 1789 आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। यहां सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कूलर और पंखे की व्यवस्था की गई है। इनकी व्यवस्था से बच्चों की उपस्थिति में सुधार देखा जा रहा है। वहीं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में धुंआ से मुक्ति के लिए गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया गया है। जहां बच्चों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल रहा है। इस व्यवस्था से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के पालक भी खुश नजर आ रहे हैं। महासमुंद के सुशील सैम्युअल वार्ड में संचालित आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली सिद्धी देवार की मां लिलिमा देवार ने कहा कि इस साल आंगनबाड़ी में कूलर के लगने से हमारे बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी जा रहे हैं। पिछले वर्ष गर्मी में वे आंगनबाड़ी जाने से आनाकानी करती थी। लेकिन इस वर्ष वे खुशी-खुशी आंगनबाड़ी जाती है। इसी तरह नयापारा वार्ड नंबर 11 स्थित आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले सौरभ धीवर के पिता विष्णु धीवर ने बताया कि इस वर्ष गर्मी थोड़ा अधिक पड़ने से हम लोग चिंतित थे लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में इस वर्ष कूलर लगने से बच्चों को लू लगने की आशंका नहीं रहती। इसलिए हम लोग निश्चिंत होकर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नियमित तौर पर भेज रहे है।

ज्ञात है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति, स्वास्थ्य और पोषण के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। कुपोषण को सामुदायिक आधारित प्रबंधन के माध्यम से निजात पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य और पोषण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य और मितानिनों का नियमित बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की जाती है। बच्चों को पौष्टिकता से भरपूर गर्म भोजन दिया जाता है। सुपोषण अभियान के तहत मोरिंगा और रागी से निर्मित चिकीबार भी दिया जाता है। इसके अलावा बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप में रेडी-टू-ईट भी दिया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने बताया कि इस वर्ष एनीमिया से पीड़ति 400 किशोरी बालिकाओं को सामान्य स्थिति में लाया गया है। जिले में 2023-24 में मनरेगा अभिसरण से कुल 46 नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण स्वीकृत किया गया है। अभी जिले में अब स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 1699 हो गई है। इस वर्ष 91 नए केंद्र बनाए गए हैं। वहीं कुपोषित बच्चों के लिए पिथौरा में पोषण पुनर्वास केंद्र भी प्रारंभ किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं के लिए जन्मपूर्व और प्रसवपूर्व देखभाल सुनिश्चित करते हैं और नवजात शिशुओं और शिशुवती माताओं के लिए निदान और देखभाल करते हैं। 0 से 6 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के टीकाकरण का प्रबंध करते हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य और चिकित्सा जांच की निगरानी उनकी मुख्य जिम्मेदारियों में से एक है।

साहू समाज वार्षिक अधिवेशन व प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 बागबाहरा का वार्षिक अधिवेशन, भूमिपूजन, स्नेह सम्मेलन और प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा सम्मान 16 जून 2024 रविवार को सुबह 11 बजे साहू सदन लालपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सालभर का आवक-जावक की जानकारी, भव्य साहू सदन निर्माण की भूमिपूजन, बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान, अन्य क्षेत्र में योग्यता हासिल बच्चों का सम्मान, महिलाओं एवं बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न मनोरंजक खेल इत्यादि का कार्यक्रम रखा गया है।

प्रत्येक वर्ष सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 04 बागबाहरा व अधीनस्थ नगर साहू समाज बागबाहरा द्वारा कुछ न कुछ रचनात्मक सृजनात्मक आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में यह आयोजन भी होना है। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे, जो नए साहू सदन भवन का भूमिपूजन भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरम दास साहू करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष भेखलाल साहू, तहसील के उपाध्यक्षद्वय तुला राम साहू, मोनिका साहू, भुवन साहू संरक्षक तहसील साहू संघ बागबाहरा, नारायण साहू गांजर वरिष्ठ समाज सेवी, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण मूलचंद साहू, प्रेशन साहू, भुवन साहू, सेवा राम साहू, खेमराज साहू व राजेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे। सुरमाल साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र 04 के अध्यक्ष देवेश साहू ने समाज के सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों व युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

काठमांडू में नृत्यांगना लिली का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम छिंदपाली निवासी पुष्पलता एसपी चौहान की सुपुत्री लिली चौहान जो इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्ययनरत है, को 31 मई से 3 जून तक एलआरआई और क्लासिकल कल्चर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में काठमांडू नेपाल में आयोजित क्लासिकल इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल अवार्ड सेरेमनी 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्लासिक इंटरनेशनल नृत्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह धार्मिक नृत्य प्रदर्शन की प्रस्तुति पशुपतिनाथ, बैजनाथ, बुद्ध नीलकंठ, कृष्ण टेंपल, तालेजू टेंपल में प्रदर्शन किया गया था। कार्यक्रम के लिए नेपाल के विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ द्वारा प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मैडल, नेपाल का पारंपरिक प्रतीक चिन्ह से लिली को सम्मानित किया गया। नेपाल के विदेश मंत्री, आयोजकगण व इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ को चौहान परिवार ने आभार व्यक्त किया है।

नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ी, देश के होनहार लाखों बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीट यूजी के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को बेहद चिंताजनक बताते हुए पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के भ्रष्ट तंत्र का परिणाम बताते हुए देश के होनहार बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे देशभर के 24 लाख विद्यार्थियों ने इस सत्र नीट यूजी की परीक्षा में सहभागिता की। नीट (यूजी) पर मचा घमासान इस सरकार में चल रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने वाला है। नीट परीक्षा में 24 लाख युवाओं का भविष्य टिका हुआ है। य़ह परीक्षा 17 साल से 25 साल (आरक्षित श्रेणी में 30 वर्ष) तक के बच्चे देते हैं। 720 अंकों की परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग के साथ पूरे 720 अंक पाना अभी तक मात्र 4-5 छात्र ही कर पाते थे, इसलिए 67 छात्रों का यह कीर्तिमान पाना लगभग असंभव है। मेधावी से मेधावी छात्र को भी 717, 718, 719 अंक नहीं मिल सकते। अगर एक सवाल ग़लत है तो नेगेटिव मार्किंग के चलते 715 और एक प्रश्न छोड़ने पर 716 अंक मिलेंगे।

इसके अतिरिक्त, परीक्षा देर से शुरू होना, ग्रेस मार्क्स देना, पेपर लीक जैसे तमाम आरोप नेशनल टेस्टिंग एजेंजी (एनटीए) पर लगे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी माना है कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है। इस मामले में सबसे चिंताजनक है केंद्र सरकार का रवैया। नवनियुक्त शिक्षा मंत्री ने इस मामले में व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीरता से जांच कराने की बजाय, खुद को ही क्लीनचिट दे डाली। ग्रेस मार्क्स वाले 1563 बच्चों की स्कोर-शीट रद्द करके लीपा-पोती करने से देश के लाखों बच्चों को न्याय नहीं मिलने वाला। चंद्राकर ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई गडबड़ी हमारे देश के होनहारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज़रूरी है कि पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो और ऊपर से नीचे शामिल सारे दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले। साथ ही कांग्रेस के न्याय पत्र में प्रस्तावित, पेपर लीक पर एक ऐसा कठोर क़ानून बने जिससे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को सबक मिले। उन्होंने कहा कि एनटीए द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नीट यूजी का परीक्षा परिणाम 13 जून तक आने वाला था, पर मोदी सरकार द्वारा एनटीए के कंधों पर अपनी कारगुजारियों का दारोमदार रखकर अपनी गलती को छुपाने और छात्रों को भ्रमित करने के लिए जानबूझकर लोकसभा चुनाव के परिणाम वाले दिन ही परिणाम जारी किया गया। जिससे मीडिया, छात्रों और सामान्य जनमानस का ध्यान लोकसभा चुनाव के परिणामों पर हो और इनका यह भ्रष्टाचार उजागर ना हो सके। नीट यूजी के परिणाम में 61 विद्यार्थियों के एक जैसे नंबर आना कोई सामान्य बात नहीं है। और उसमे भी 8 लोग ऐसे है जिन्होंने कर्नाटक के एक ही संस्थान में बैठकर यह परीक्षा दी हो जिससे यह साफ स्पष्ट होता है कि यह पूर्ण रूप से शिक्षा का व्यापार है। पिछले 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार का पैसा दो, नंबर लो वाला एजेंडा रहा। चंद्राकर ने आगे कहा कि जांच के बाद दोषियों को कड़ी-से कड़ी सजा दी जाए और लाखों छात्र-छात्राओं को मुआवजा देकर उनका साल बर्बाद होने से बचाया जाए। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
डॉ. के. सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, डमरूवाली रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के आदेशानुसार एवं मीना पाणिग्रही प्राचार्य जिला शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अर्थात एफएलएन के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का ब्लेंडेड मोड (ऑफलाइन) में चार दिवसीय प्रशिक्षण महासमुंद, तुमगांव और झलप जोन में 10 से 14 जून तक हुआ। कार्यशाला में प्रथम दिवस जिला स्रोत व्यक्ति (डीआरजी) द्वारा भाषा आधारित 4 ब्लॉक मॉडल, जिसके आधार पर शिक्षकों के समूह द्वारा पाठ्य योजना तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसकी समीक्षा भी गई।

भाषा शिक्षण की दैनिक, साप्ताहिक और वार्षिक कार्ययोजना पर वृहद चर्चा की गई। भाषा शिक्षण की वार्षिक योजना अंतर्गत 26 सप्ताह में किए जाने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी दी गई। द्वितीय बुनियादी गणित और संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित मौखिक गणित अवधारणा संख्याओं पर समझ हुआ। खेल-खेल में गतिविधि कराकर बच्चों में समझ स्थापित कैसे किया जाए इस पर प्रस्तुतिकरण किया गया। तृतीय दिवस नवाजतन क्या और क्यों पर प्रशिक्षार्थियों की समझ बनाई गई। 21 वीं सदी में दो वर्ग तैयार हो रहे हैं, इन दोनों वर्गों में जो सफल है उसका कारण और जो वर्ग असफल है उसका निवारण कैसे किया जाए इसे स्पष्ट किया गया। नवाजतन, परिवर्तन अर्थात रूपांतरण जीवन में अनेक संभावनाओं के साथ जीवन के लिए आवश्यक कार्य कुशलता में दक्ष बनाती है। नवाजतन बच्चों को सीखने का नया तरीका सिखाता है। साथ ही सिक्स सी के विषय में भी बताया गया यह सिक्स सी बच्चों में 21वीं सदी के कौशल निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। यदि बच्चों में इस प्रकार की सोच तैयार कर ली गई तो वास्तव में शिक्षा जगत में परिवर्तन अवश्य होगा और यह परिवर्तन दृश्य एवं श्रव्य के साथ-साथ बोधगम्य भी होगा।

प्रशिक्षण में बच्चों में कैसे स्वयं से प्रेरित होकर कार्य करें, चुनौती स्वीकार करना, ग्रुप लर्निंग, विषय लर्निंग, पियर लर्निंग, सेल्फी विद सक्सेस एवं अनुभव से कैसे सीखते हैं इस पर व्यापक चर्चा की गई। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस पुस्तकालय प्रबंधन और उपयोग जिसमें बिग बुक पढ़ने का तरीका बताया गया। अंतिम सत्र में जादुई पिटारा का प्रदर्शन कर बच्चों में खिलौने एवं खेल के माध्यम से विभिन्न दक्षताओं को विकसित करने के तरीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापन, पुनरावृत्ति और आंकलन के सरल और आसान तरीकों से परिचय कराया गया।

प्रशिक्षण में एपीसी संपा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, प्रभारी बीआरसीसी अनीता निर्मलकर द्वारा समय समय पर निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण के जिला नोडल कमलेश पांडेय हैं। प्रशिक्षण समापन अवसर पर प्रभारी बीआरसीसी अनिता निर्मलकर उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण हेतु महासमुंद जोन में एसआरजी एवं ब्लॉक प्रभारी मधु साहू, डीआरजी खेमिन साहू, मनोज साहू, पवन साहू, तुमगांव जोन में नीरज साहू, गोपाल साहू, बाल्मिकी साहू, झलप जोन में मनीष चंद्राकर, सीमा यादव, कमल किशोर कुर्रे उपस्थित रहे। सभी जोन में व्यवस्था के लिए व्यवस्था प्रभारी के रूप में है। इस प्रशिक्षण में सभी जोन अंतर्गत आने वाले संकुल के संकुल समन्वयक भी उपस्थित थे। संपूर्ण प्रशिक्षण के सफल संचालन में संकुल समन्वयक धरम पटेल, एसी डोरा, अशोक साहू, सतीश तिवारी, निर्वाण दास मानिकपुरी, ईश्वर कमार, सुरेंद्र चंद्राकर, शेख रशीद, कुरैशी, गुहन साहू, डोंगर सिंह टंडन, शाहिद खान, खेमराज चौधरी, कमल किशोर सिन्हा, पीतांबर पाठक, फनेंद्र बंजारे, निर्वाण दास मानिकपुरी, लक्ष्मीनाथ सकरिया, केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी आशीष कुमार साहू ने दी है।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371